राजधानी में बनेगा विश्व व्यापार केंद्र

चर्चा में क्यों?

हाल ही में झारखंड की राजधानी राँची के धुरवा स्थित स्मार्ट सिटी क्षेत्र में वर्ल्ड ट्रेड सेंटर बनाने के लिये झारखंड अर्बन इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट कॉरपोरेशन लिमिटेड **(JUIDCO)** ने एक्सप्रेशन ऑफ इंटरेस्ट जारी किया है।

प्रमुख बिंदु

- चार एकड़ ज़मीन पर बनने वाले इस केंद्र पर कुल 44 करोड़ 22 लाख रुपए खर्च किये जाएंगे। इसके लिये निविदा जमा करने की अंतिम तिथि 19 जनवरी निर्धारित की गई है।
- 20 जनवरी को रातू रोड स्थित उद्योग भवन की पांचवी मंजिल पर इसका उद्घाटन होगा। टेंडरिंग एजेंसी को दो साल के अंदर इस केंद्र का निर्माणकार्य पूरा करना होगा।
- वर्ल्ड ट्रेड सेंटर के परिसर में अंतर्राष्ट्रीय व्यापार से जुड़ी सभी सुविधाएँ उपलब्ध होंगी। इसमें विदेश व्यापार महानिदेशालय का एक क्षेत्रीय कार्यालय और भारतीय निर्यात संघ से जुड़े कार्यालय भी होंगे।
- इसके अलावा आयात-निर्यात से जुड़ी कंपनियों को जगह मुहैया कराई जाएगी। करेंसी एक्सचेंज से लेकर मनी ट्रांसफर तक की सुविधाएँ भी यहाँ मिलेंगी।
- इसके अलावा एयर कार्गो, शिप कंटेनर और एक्सपोर्ट मैनेजमेंट की अन्य सुविधाएँ भी मिलेंगी। यहाँ अंतर्राष्ट्रीय कारोबार करने वाली कंपनियों को भी अपने उत्पादों के प्रदर्शन और प्रचार के लिये जगह मिलेगी।
- विदित हो कि यह वर्ल्ड ट्रेड सेंटर केंद्र और राज्य, दोनों के सहयोग से बनाया जाना है। विश्व व्यापार केंद्र की स्थापना के लिये केंद्र सरकार ने राज्य सरकार को 9.8 करोड़ रुपए दिये हैं। योजना की कुल लागत 48 करोड़ रुपए है।
- उल्लेखनीय है कि 2018 में ही केंद्र सरकार ने राँची में वर्ल्ड ट्रेड सेंटर खोलने की योजना को मंज़ूरी दी थी।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/world-trade-center-to-be-built-in-the-capital